# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2025-26
# कक्षा - दसवीं
# हिंदी - ब (034)

निर्धारित समय- 03 घंटे अधिकतम अंक- 80

सामान्य निर्देश-

* इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ
* खंड 'क' में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
* खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
* खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
* खंड 'घ' रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
* प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
* यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

खंड - क

अपठित बोध

प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (7)

कुंठा विफलता के कारण होने वाली निराशाजन्य अतृप्त भावना है। यह विषाद का ही एक रूप है,

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | इसे हताशा भी कहते हैं। आधुनिक प्रौद्योगिकी संचार क्रांति ने समाज की गति को न केवल तेज कर दिया है, वरन समाज की पुरानी संरचना को भी प्रभावित किया है। पुराने स्थापित मूल्य तेजी से बदल रहे हैं। जीवन की आपा-धापी एवं भौतिक सुविधाओं की चाह ने मनुष्य के अंदर अनेक तरह की कुंठाओं को भी जन्म दिया है। | |
| | मनोवैज्ञानिक रूप से इसे प्रेरणायुक्त व्यवहार की संतुष्टि के कठिन या असंभव हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भावना कह सकते हैं। यों तो प्रत्येक व्यक्ति अपनी समस्याओं को हल करने का प्रयास करता है, किंतु शायद ही कोई पूर्ण संतुष्टि से हल कर पाता होगा। | |
| | किसी व्यक्ति में कितनी मात्रा में कुंठा उत्पन्न होगी, इसका निर्धारण दो बातों से होता है- पहला उस व्यक्ति विशेष में प्रेरणा की मात्रा, दूसरा निर्धारित लक्ष्य से दूरी। कुंठा उत्पत्ति के सर्वप्रमुख कारक हैं- प्रतिस्पर्धा, उच्च-आकांक्षा स्तर, सामाजिक-पारिवारिक संबंधों में तनाव, सामाजिक-आर्थिक स्तर, समाज एवं कार्य का वातावरण एवं शैक्षिक स्तर। कुछ विशेष मामलों में जन्मजात अयोग्यताएं, शारीरिक सौंदर्य में कमी भी कुंठा का कारण हो सकती हैं, इन सबका सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण मानसिक अंतर्द्वंद्व है। कुंठा से बचाव व्यक्ति एवं समाज के मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है, क्योंकि कुंठित व्यक्ति अपने साथ-साथ समाज का भी अहित करता है। | |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| क | उपर्युक्त गद्यांश की विषय-वस्तु क्या है? | 1 |
| I- | घृणा | |
| II | क्रोध | |
| III | कुंठा | |
| IV | लोभ | |
| | | |
| ख | 'पुराने स्थापित मूल्य तेजी से बदल रहे हैं', - पंक्ति से आशय है? | 1 |
| i | पुरानी वस्तुओं के मूल्यों में तीव्रता से बदलाव | |
| ii | सामाजिक मूल्यों में तीव्रता से बदलाव | |
| iii | चिकित्सकीय मूल्यों में तीव्रता से बदलाव | |
| iv | खेल के मूल्यों में तीव्रता से बदलाव | |
| | | |
| ग | निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए - | 1 |
| | कथन— कुंठित व्यक्ति सबके लिए अहितकर होता है। | |
| | निष्कर्ष— कुंठा से बचाव अति आवश्यक है। | |
| i | कथन सही है, किंतु निष्कर्ष गलत है। | |
| ii | कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं। | |
| iii | कथन गलत है और निष्कर्ष सही है। | |
| iv | कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं। | |
| घ | कुंठा किसे कहते हैं? | 2 |
| ङ | कुंठा उत्पत्ति के कौन-कौन से कारक हैं? | 2 |

| Q.No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| 2 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए — | (7) |

दुनिया में हर क्षण फुटबाल मैदान जितना वर्षा वन का क्षेत्र नष्ट कर दिया जाता है। पेड़ों से पाँच हजार से भी ज्यादा वस्तुएँ बनाई जाती हैं, जिनमें मकान, फर्नीचर पेंसिल, बरतन, पुस्तकें, अखबार, कपड़े आदि शामिल हैं। ज्यादातर वर्षा वनों का सफाया इमारती लकड़ी और उसके बाद कृषि, पशुपालन आदि के लिए किया जाता है। सौ वर्षों से भी कम समय में दुनिया के आधे जंगल काटे या जलाए गए हैं। हर वर्ष जंगलों का एक प्रतिशत जो कि न्यूजीलैंड के क्षेत्रफल के बराबर है, आग से नष्ट हो जाता है। इससे आर्थिक क्षति के अलावा जैव विविधता को तो नुकसान होता ही है, वायुमंडल में कार्बन भी उत्सर्जित होता है। ज्यादातर आगजनी की वजह मनुष्य ही है।

हमारी पृथ्वी पर पेड़ सबसे ऊँचे जीवधारी हैं। ये पृथ्वी के सबसे अहम प्राकृतिक संसाधनों में से एक हैं। दुनिया में पेड़ों की लगभग एक लाख प्रजातियाँ हैं और पेड़ करीब 18 करोड़ वर्ष पहले अस्तित्व में आए थे। वृक्षावन पृथ्वी के सबसे पुराने जीवित पारिस्थितिकीय तंत्र हैं। ये पृथ्वी की सतह के दो फीसद हिस्से तथा छह फीसद भू-भाग को ढके हुए हैं, इसके बावजूद ये वन दुनिया के आधे से भी अधिक जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के घर हैं। पेड़ों से मिलने वाली छाया और हवा जो शीतलता प्रदान करती है, इससे हर साल 170 अरब रुपये तक घट जाता है। एक अकेला

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | पेड़ 104 किलोग्राम ऑक्सीजन प्रदान करता है। इसका मतलब है कि दो परिपक्व पेड़ हर साल इतनी ऑक्सीजन पैदा कर लेते हैं, जो चार लोगों के परिवार वालों के लिए पर्याप्त है। वहीं एक पेड़ औसतन एक टन कार्बन-डाइऑक्साइड अपने जीवन काल में सोख लेता है। अतः हमें पेड़ों की सुरक्षा, संरक्षण एवं विकास के दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। | |
| क | उपर्युक्त गद्यांश की विषय-वस्तु क्या है? | 1 |
| i | जीवनदायी पृथ्वी | |
| ii | जीवनदायी वायु | |
| iii | जीवनदायी जल | |
| iv | जीवनदायी पेड़ | |
| ख | 'वृक्षावन पृथ्वी के सबसे पुराने जीवित पारिस्थितिकीय तंत्र हैं' - पंक्ति से क्या आशय है? | 1 |
| i | वृक्षावन प्राचीनतम सांस्कृतिक पारिस्थितिकीय तंत्र हैं। | |
| ii | वृक्षावन प्राचीनतम प्राकृतिक पारिस्थितिकीय तंत्र हैं। | |
| iii | वृक्षावन प्राचीनतम मानवनिर्मित पारिस्थितिकीय तंत्र है। | |
| iv | वृक्षावन प्राचीनतम महाद्वीपीय पारिस्थितिकीय तंत्र हैं। | |
| ग | निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए — | 1 |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | कथन: प्रतिवर्ष एक प्रतिशत जंगल आगजनी के कारण नष्ट हो जाते हैं। | |
| | निष्कर्ष: अधिकतर आगजनी का कारण मनुष्य ही हैं। | |
| i | कथन सही है, किंतु निष्कर्ष गलत है। | |
| ii | कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं। | |
| iii | कथन गलत है और निष्कर्ष सही है | |
| iv | कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं। | |
| घ | वनों के नष्ट होने के क्या कारण हैं? | 2 |
| ङ. | वन हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं? | 2 |
| | खंड- ख<br>(व्यावहारिक व्याकरण) | |
| 3 | पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए— | |
| क | बामीरो कापती हुई धरती के किनारे चीखती हुई दौड़ रही थी। — वाक्य में से क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए | 1 |
| ख | उसकी कल्पना में तैतारा एक अद्भुत साहसी युवक था। — वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए | 1 |

| Q.No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| ग | किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध की पहचान कैसे की जाती है, उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए? | 1 |
| घ | क्रिया पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। | 1 |
| ङ. | लकीर की सीध में धरती फटती ही जा रही थी। - वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| 4 | रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 4×1=4 |
| क | जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ। - वाक्य का भेद लिखिए। | 1 |
| ख | रीति के अनुसार दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था। - मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए। | 1 |
| ग | उदाहरण द्वारा संयुक्त वाक्य एवं मिश्र वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| घ | आश्रित उपवाक्य किसे कहते हैं एवं यह कितने | 1 |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | प्रकार के होते हैं? | |
| ङ. | राजकपूर ने ऐसी फिल्में बनाईं, जो श्रेष्ठ मानी गई हैं। — वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| 5 | समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 4×1 = 4 |
| क | कर्मधारय समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण लिखिए। | 1 |
| ख | 'चन्द्रखिलौना' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए। | 1 |
| ग | 'शताब्दी' शब्द द्विगु समास कैसे है? | 1 |
| घ | समास किसे कहते हैं? | 1 |
| ङ. | 'जनप्रिय' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद भी लिखिए। | 1 |
| 6 | 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए— | 4×1 = 4 |
| क | राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में चयन होने के बाद उसके ---------- पड़ रहे हैं। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। | 1 |
| ख | 'हवा में उड़ते रहना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए। | 1 |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| ग | 'अंधियारा मिटना' और 'अपना घर जलाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| घ | भाई साहब ऐसी बातें कहते कि मेरे जिगर के टुकड़े-टुकड़े हो जाते। पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। | 1 |
| ङ | वामीरो के रूदन स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को देखकर ______ हो उठी। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।) | 1 |
| | **खंड - ग** | |
| | (पाठ्यपुस्तक) | |
| 7 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए— | 5×1=5 |
| | जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी और यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी। पुलिस कमिश्नर का नोटिस निकल चुका था कि अमुक-अमुक धारा के अनुसार कोई सभा नहीं हो सकती। जो लोग काम करने वाले थे उन सबको इंस्पेक्टरों के द्वारा नोटिस और सूचना दे दी गई थी कि आप यदि सभा में भाग लेंगे तो दोषी समझे जाएँगे। इधर कौंसिल की तरफ से नोटिस निकल गया था कि मोनुमेंट के नीचे ठीक चार बजकर चौबीस मिनट पर झंडा | |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | फहराया जाएगा तथा स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी। सर्वसाधारण की उपस्थिति होनी चाहिए। खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी। | |
| क | मोनुमेंट के नीचे कितने बजे झंडा फहराने का समय निर्धारित किया गया था? | 1 |
| i | चार बजकर बीस मिनट | |
| ii | चार बजकर इक्कीस मिनट | |
| iii | चार बजकर तेइस मिनट | |
| iv | चार बजकर चौबीस मिनट | |
| ख | 'यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी।' कथन से निष्कर्ष निकलता है कि ...... | 1 |
| i | पुलिस कमिश्नर के साथ खुले मैदान में लड़ाई करना | |
| ii | ब्रिटिश सैनिकों के साथ खुले मैदान में लड़ाई करना | |
| iii | ब्रिटिश सरकार के कानूनों की अवज्ञा कर चुनौती के रूप में सभा का आयोजन करना | |
| iv | ब्रिटिश सरकार के कानूनों की पालना करते हुए सभा का आयोजन करना | |
| ग | कौंसिल की तरफ से क्या नोटिस निकाला गया? | 1 |
| i | झंडा फहराने, स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ने और चुनिंदा लोगों की उपस्थिति का। | |
| ii | झंडा फहराने, स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ने और सर्वसाधारण की उपस्थिति का। | |

--।।पर

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| iii | झंडा फहराने, स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ने और केवल पुरुषों की | |
| | उपस्थिति का | |
| iv | झंडा फहराने, स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ने और केवल महिलाओं की | |
| | उपस्थिति का। | |
| घ | अमुक-अमुक धारा के अनुसार कोई सभा नहीं हो | |
| | सकती – पंक्ति में 'धारा' का क्या अर्थ है? | |
| i | प्रवाह | |
| ii | वेग | |
| iii | नियम | |
| iv | बहाव | |
| ङ | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए | 1 |
| | तथा सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – | |
| | कथन (A): सभा में भाग लेने वाले दोषी समझे जाएंगे। | |
| | कारण (R): पुलिस कमिश्नर ने सभा के आयोजन की अनुमति | |
| | नहीं दी थी। | |
| i | कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं। | |
| ii | कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं। | |
| iii | कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है। | |
| iv | कथन (A) सही है किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है | |
| | | |
| 8 | गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं | $3\times2=6$ |
| | तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए – | |
| क | बड़े भाई साहब के व्यक्तित्व की विशेषताओं पर प्रकाश | |
| | डालिए। | |

| Q.No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| ख | शैलेन्द्र ने राजकपूर की भावनाओं को शब्द दिए हैं कैसे? | 2 |
| ग | कारतूस पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए की वज़ीर अली एक जाँबाज सिपाही था। | 2 |
| घ | तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया? | 2 |
| 9 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन करके लिखिए- | 5x1=5 |
| | विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी<br>मरो, परन्तु यों मरो कि याद जो करें सभी<br>हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,<br>मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।<br>वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप-आप ही चरे,<br>वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे। | |
| (क) | कवि के अनुसार पशु-प्रवृति क्या होती है? | 1 |
| i | समाज के लिए जीना | |
| ii | देश के लिए जीना | |
| iii | केवल अपने लिए जीना | |
| iv | दूसरों के लिए जीना | |
| ख | कवि ने किसकी मृत्यु को सुमृत्यु माना है? | 1 |
| i | स्वार्थी मनुष्य की | |
| ii | गरीब मनुष्य की | |
| iii | परोपकारी मनुष्य की | |
| iv | अमीर मनुष्य की | |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| ग | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- | 1 |
| | कथन (A): परहितकारी मनुष्य ही महानता की ओर अग्रसर हो सकता है। | |
| | कारण (R): परोपकार की वृत्ति ही मनुष्य को अन्य प्राणियों से अलग करती है। | |
| i | कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है। | |
| ii | कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं। | |
| iii | कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। | |
| iv | कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | |
| घ | अमर कौन हो जाता है? | 1 |
| i | शासन करने वाला | |
| ii | परोपकार करने वाला | |
| iii | भक्ति करने वाला | |
| iv | शारीरिक अभ्यास करने वाला | |
| ङ | 'मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए' पंक्ति का भाव है - | |
| i | अपूर्ण इच्छाओं वाला कभी नहीं मरता | 1 |
| ii | पशुवत जीवन वाला कभी नहीं मरता | 1 |
| iii | परोपकारी जीवन वाला कभी नहीं मरता | 1 |
| iv | केवल स्वहितकारी जीवन वाला कभी नहीं मरता | 1 |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| (10) | काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- | 3×2=6 |
| क | कवि ईश्वर पर संशय नहीं करना चाहता - क्यों? आत्मत्राण कविता के आधार पर अपने विचार लिखिए | 2 |
| ख | मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है? | 2 |
| ग | मीराबाई श्री कृष्ण को पाने के लिए कौन-कौन से कार्य करने को तैयार हैं? | 2 |
| घ | शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धंस गए? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए। | 2 |
| (11) | पूरक पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए- | 2×3=6 |
| क | 'सपनों के दिन' पाठ में हेडमास्टर शर्मा जी की बच्चों को मारने-पीटने वाले अध्यापकों के प्रति क्या धारणा थी? आप उनकी धारणा से सहमत हैं या असहमत? तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए। | 3 |
| ख | टोपी ने इफ्फन की दादी से अपनी दादी बदलने की बात क्यों कही होगी? इससे बालमन की किस विशेषता का पता चलता है? | 3 |
| ग | वर्तमान समय में अकेलेपन की समस्या बढ़ती ही जा रही है 'हरिहर काका' पाठ को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का निराकरण सुझाएँ। | 3 |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | खंड-घ (रचनात्मक लेखन) | |
| 12 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए— | 1×5= 5 |
| क | मातृभाषा में शिक्षा<br>संकेत बिंदु— मातृभाषा की परिभाषा, मातृभाषा का महत्व, समझ का दायरा, इसकी सीमाएँ, | |
| ख | वैचारिक स्वच्छता<br>संकेत बिंदु— वैचारिक स्वच्छता की आवश्यकता, मानसिक स्वास्थ्य में इसकी भूमिका, समाज एवं देश पर प्रभाव। | |
| ग | इंटरनेट की आभासी दुनिया<br>संकेत बिंदु :— इंटरनेट का अर्थ, आभासी दुनिया और वास्तविक दुनिया, लाभ और हानि। | |
| 13 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए —<br>आप संजीत/संजीता हैं। विद्यालय में खेलों का सामान मंगवाने के लिए प्राचार्य को पत्र लिखिए ताकि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी उच्च प्रदर्शन कर पाएँ।<br>अथवा<br>आप 11 कनखल, हरिद्वार निवासी संजीत/संजीता हैं। 'एक पेड़ माँ के नाम' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। | 1×5=5 |

| No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 14 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए –<br>आप दर्शन / दर्शना हैं। आपको विद्यालय में एक साधारण घड़ी मिली है। इसे वापस अपने मालिक तक पहुँचाने की प्रक्रिया बताते हुए एक सूचना तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>आप देव नगर नोएडा निवासी दर्शन / दर्शना हैं तथा निवासी कल्याण संघ के सचिव हैं। अपने नगर में लगने वाले योग शिविर की जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए। | 1×4=4 |
| 15 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए –<br>'प्लास्टिक मुक्त भारत' के विषय में लोगों को जागरूक करते हुए पर्यावरण मंत्रालय की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>आपने ई-साइकिल की एक नई दुकान खोली है। इसके बारे में जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। | 1×3 = 3 |
| 16 | एक बार जब मैं मनाली गया था / गई थी, तब रात में खुले आसमान के नीचे टैंट में ठहराव किया था। ...... अचानक कार्यकारी — - पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। | 1× 5=5 |

| .No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| | अथवा<br>आप मोहन / मोहिनी हैं तथा पिथौरागढ़ में रहते हैं। आपके क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से दूषित जल की आपूर्ति हो रही है। इसकी जानकारी देते हुए, एवं समाधान हेतु जलापूर्ति विभाग के प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। | |